ANNEX – II

राजस्थान सरकार

# कार्यालय उपखण्ड अधिकारी, खेतड़ी

क्रमांकः विविध / 19 / 739 दिनांक 23–12–2019

निमित :–

श्रीमान जिला कलक्टर महोदय,
झुन्झुनूं।

DFO
23/12

विषय :– एफ.आर.ए. प्रमाण पत्र देने बाबत।

महोदय,

उपर्युक्त विषयान्तर्गत निवेदन है कि दिनांक 23–12–2019 को ग्राम पंचायत जसरापुर अधिन ग्राम जसरापुर में राजस्व अभिलेख के खसरा नंबर 670 मिन, 972 मिन, 974 मिन, 2586 / 352 मिन भूमि में से पावर ग्रिड खेतड़ी ट्रांसमिशन सिस्टम लिमिटेड को 765 / 400 केवी उपकेन्द्र निर्माण हेतु 35.1938 हैक्टेयर भूमि के लिए एफ.आर.ए. प्रमाण पत्र के लिए अधोहस्ताक्षरकर्ता की अध्यक्षता में एक बैठक आहुत की गई। बैठक कार्यवाही विवरण संलग्न कर श्रीमान् जी की सेवा में आवश्यक कार्यवाही हेतु सादर प्रेषित है।

संलग्न :– उपर्युक्तानुसार।

23/12/19

उपखण्ड अधिकारी, खेतड़ी

राजस्थान सरकार

# कार्यालय उपखण्ड अधिकारी, खेतड़ी

## बैठक कार्यवाही विवरण दिनांक 23–12–2019
## (एफ.आर.ए. प्रमाण–पत्र)

श्रीमान अति. जिला कलेक्टर, झुन्झुनूं के पत्र क्रमांक: एफ 12(3)/राज/2019 दिनांक 18–12–2019 के अनुसार ग्राम पंचायत जसरापुर अधिन ग्राम जसरापुर में राजस्व अभिलेख के खसरा नंबर 670 मिन, 972 मिन, 974 मिन, 2586/352 मिन भूमि में से पावर ग्रिड खेतड़ी ट्रांसमिशन सिस्टम लिमिटेड को 765/400 केवी उपकेन्द्र निर्माण हेतु 35.1938 हैक्टेयर भूमि के लिए एफ.आर.ए. प्रमाण पत्र के लिए अधोहस्ताक्षरकर्ता की अध्यक्षता में उक्त बैठक आहुत की गई।

बैठक में उपस्थित क्षेत्रिय वन अधिकारी, खेतड़ी ने अवगत करवाया कि उपखण्ड खेतड़ी जिला झुन्झुनूं राजस्थान में अनुसूचित जनजाति एवं अन्य परम्परागत वन निवासी (वन अधिकारों की मान्यता) अधिनियम 2006, नियम 2008 तथा संशोधित नियम 2012 के अन्तर्गत परिभाषित कोई भी अनुसूचित जनजाति व अन्य परम्परागत वन निवासी का व्यक्ति/समुदाय उक्त अधिनियम/नियमों के अन्तर्गत किसी भी प्रकार के वन अधिकार हेतु उपरोक्त अधिनियम एवं नियम में उल्लेखित पात्रता से संबंधित व्यक्ति निवास नहीं कर रहा है और ना ही इस प्रकार का कोई आवेदन लम्बित है।

अतः पावर ग्रिड खेतड़ी ट्रांसमिशन सिस्टम लिमिटेड को 765/400 केवी उपकेन्द्र निर्माण हेतु एफ.आर.ए. अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी किया जा सकता है।

क्षेत्रिय वन अधिकारी
खेतड़ी
(कार्यालय क्षेत्रीय वन खेतड़ी (राज.))

तहसीलदार, खेतड़ी
(तहसीलदार खेतड़ी जिला झुन्झुनू (राज.))

उपखण्ड अधिकारी, खेतड़ी
(उपखण्ड अधिकारी खेतड़ी जि. झुन्झुनूं (राज.))

विकास अधिकारी
पंचायत समिति खेतड़ी
(विकास अधिकारी पंचायत समिति खेतड़ी जिला- झुन्झुनूं (राज.))